हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 3 अप्रैल 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

4 10 को होगी कक्षा 12 वीं हिंदी परीक्षा



## खबर संक्षेप

### सुंदरपुर में सोख्ता गड्ढे का निर्माण



**कटगोड़ी।** जिला प्रशासन कोरिया द्वारा भू-जल स्तर को बढ़ाने के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 5 प्रतिशत मॉडल सोख्ता गड्ढे का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सके। इसी निर्देश के पालन में सोनहत जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत सुंदरपुर सरपंच द्वारिका सिंह मरकाम द्वारा पंचायत क्षेत्र में सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराया जा रहा है।

### 15 दिन पुरानी महिला की सड़ी लाश मिली

**अनूपपुर।** जिले के चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत शारदा माइंस इलाके में एक टीले पर लगभग 25 वर्षीय महिला का सड़ी-गली अवस्था में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मौके से मिले आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर मृतका की पहचान मनीषा कहार, निवासी रामपुर बेलिया के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि शव करीब 15 दिन पुराना है। प्रारंभिक जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया है।

### नवरात्रि में अमरकंटक बना आस्था का धाम

**अनूपपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश की देवभूमि अमरकंटक में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरे नवरात्रि पर्व के दौरान देशभर से हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा के श्रीचरणों में उपस्थित होकर आत्मशुद्धि एवं पुण्य अर्जन के लिए यहां पहुंचे। नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही रामघाट एवं कोटि तीर्थ कुंड पर श्रद्धालुओं की निरंतर भीड़ उमड़ती रही। प्रातःकाल जब सूर्य की पहली किरणें धरती को आलोकित करती हैं, उसी समय श्रद्धालु मां नर्मदा के पावन जल में आस्था की डुबकी लगाकर अपने जीवन को पवित्र करने का प्रयास करते नजर आए। जय मां नर्मदे के गूंजते जयघोषों से संपूर्ण वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो उठा।

### रेल संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन

**अनूपपुर।** मंडल संरक्षा विभाग बिलासपुर द्वारा रेल संरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से अनूपपुर रेलवे स्टेशन पर एक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य कर्मचारियों में सतर्कता, सजगता एवं कार्य कुशलता को बढ़ावा देना तथा ग्रीष्मकालीन चुनौतियों के प्रति जागरूकता लाना था। संगोष्ठी का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के निर्देशन तथा उनकी उपस्थिति में हुआ।

### ग्राम पंचायतों में आवास दिवस 7 को

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 अप्रैल को चावल महोत्सव, रोजगार दिवस के साथ आवास दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर ग्रामीणों को क्यूआर कोड स्कैन कर वीबीजी रामजी योजना की जानकारी दी जाएगी। अमृत सरोवर के सूचना पटल पर भी क्यूआर कोड उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम में पीएमआवास योजना के तहत निर्माण कार्यों में तेजी लाने, समस्याओं के समाधान तथा संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा की जाएगी, मनरेगा के तहत नए तालाब निर्माण और जल संरक्षण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जाएगा।

## मंदिरों में उमड़ी भीड़: कोरिया-एमसीबी में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

# महाआरती के बाद हनुमान जी को लगा लड्डुओं का महाभोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर के बाजारपारा प्राचीन हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती, लड्डुओं का महाभोग चढ़ाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में श्री हनुमान सेवा समिति बाजारपारा द्वारा विशाल भण्डारा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जहां देर अपरान्ह तक काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। बाजारपारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व ही अखंड रामायण पाठ शुरू किया गया था और दूसरे दिन सुबह जन्मोत्सव पर अखंड रामायण समाप्त हुआ और विशेष पूजन कार्य प्रारंभ हुआ।

इस अवसर पर महाआरती एवं लड्डुओं का महाभोग का प्रसाद चढ़ाया गया, इसके अलावा शहर के महलपारा मार्ग सड़क किनारे आस्था केन्द्र के पास भी हनुमान भक्तों द्वारा विशाल भंडारा का प्रसाद वितरण किया जाता रहा। इसी तरह ओड़गी नाका में भी हनुमान जयंती पर भंडारा कार्यक्रम किया गया। हनुमान जयंती के अवसर पर शहर सहित अन्य क्षेत्रों में श्रद्धालुओं द्वारा सुबह से ही विभिन्न हनुमान मंदिर में पहुंच कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर मनोकामना की। शहर के प्रेमाबाग स्थित हनुमान मंदिर सहित छिन्दडॉड के सागरबांध स्थित हनुमान मंदिर, नगर के हनुमान मंदिर, जलियाडॉड स्थित हनुमान मंदिर, सोनहत के हनुमान मंदिर के अलावा जिले के अन्य स्थानों के हनुमान मंदिर में सुबह से पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु पहुंचते रहे और विधि-विधान के साथ संकट मोचन की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर जिले के कई हनुमान मंदिर में रामायण पाठ का भी आयोजन कर भंडारा का प्रसाद वितरण किया गया। वहीं चिरमिरी में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कई जगहों पर हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की।






### हनुमान जन्मोत्सव पर दिनभर धार्मिक आयोजन

**सोनहत।** खंड स्तर पर 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर क्षेत्रभर में धार्मिक उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही विभिन्न हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर सहित ग्राम सलगवां में विशेष आयोजन किए गए। सलगवां में हनुमान लला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई, जिसके साथ ही दिनभर भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागी बने। वहीं आमापानी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में चोला चढ़ाने, पूजन एवं हवन जैसे धार्मिक अनुष्ठान पूरे विधि-विधान से संपन्न किए गए। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में श्रद्धालुओं की सक्रिय भागीदारी से दिनभर भक्ति और आस्था का माहौल बना रहा।






### भव्य शोभायात्रा, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में हनुमान जयंती का पर्व इस वर्ष अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में दिनभर धार्मिक आयोजनों की धूम रही। खेड़िया तिराहा, झगराखाण्ड रोड स्थित हनुमान मंदिर, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर स्टेशन रोड, श्री विजय हनुमान टेकरी, संकट मोचन हनुमान मंदिर (सीएमओ बंगले के सामने), मौहारपारा, चनवारीडांड गौठिया पारा तथा सिद्ध बाबा घाटी हनुमान मंदिर सहित अनेक मंदिरों में भजन-कीर्तन और अखंड रामचरितमानस पाठ का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। भक्तों ने हनुमान जी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कई मंदिरों के पट दिनभर खुले रहे, जिससे श्रद्धालु निरंतर दर्शन कर सके। मंदिर परिसर में जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर झगराखाण्ड रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर से भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तगण ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों की धुन पर नाचते-गाते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरे। इस दौरान पूरा शहर मानो हनुमान भक्ति के रंग में रंगा नजर आया। भजन-कीर्तन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति देकर माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति गीतों में लीन रहे। कई स्थानों पर अखंड रामचरितमानस का पाठ भी किया गया, जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न मंदिरों में भंडारे का आयोजन किया गया।

# गुड फ्राईडे आज: मसीही समाज के लोग करेंगे विशेष प्रार्थना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

समाज में मानवता की रक्षा एवं प्रेम का संदेश देने वाले प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद करने का दिन गुड फ्राईडे जिला मुख्यालय सहित जिले के कई स्थानों पर समाज के लोगों के द्वारा श्रद्धा व सादगी के साथ मनाया जाएगा।

इस दिन शहर के गिरजाघरों के साथ जिले के अन्य जगहों पर स्थित गिरजाघरों में मसीही समाज के लोग एकत्रित होकर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन करेंगे। गुड फ्राईडे के अवसर पर प्रमुख गिरजाघरों में प्रभु यीशु के दुःखों एवं उनके बलिदान की यात्रा को दर्शाने का मंचन भी किया जाता है। मसीही समाज के लोग इस अवसर पर शोक व्यक्त कर शांति की प्रार्थना भी करते हैं। जानकारी के अनुसार प्रभु यीशु ने शारीरिक यातनाएं सही थी, बावजूद इसके उन्होंने मानवता के कल्याण और पापों की मुक्ति के लिए बलिदान दिया। इसी भलाई के कारण इस दिन को गुड फ्राईडे के रूप में मनाया जाने लगा जो आज भी पूरे विश्व में सादगी के साथ मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था, तब उन्होंने कष्ट सहते हुए अपने विरोधियों को क्षमा करने का संदेश दिया। इस दिन गिरजाघरों में न तो घंटी बजाई जाती है और नहीं किसी प्रकार का उत्सव मनाया जाता है। समाज के लोग गिरजाघरों में जुटकर शोक व्यक्त कर विश्व शांति की प्रार्थना करते हैं। जानकारी के अनुसार इस्टर पर्व अंधकार पर प्रकाश की जीत और मृत्यु पर जीवन की जीत का पर्व माना गया है।



### तीन दिन बाद खुशी का पर्व ईस्टर

जानकारी के अनुसार गुड फ्राईडे के दिन प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाया गया था और इसके ठीक तीसरे दिन बाद रविवार को प्रभु यीशु जीवित हो उठे थे। प्रभु यीशु के इसी पुनरूत्थान की खुशी में इस्टर का पर्व समाज के लोगों के द्वारा उल्लास के साथ मनाया जाता है। इस दिन गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाती है, मोमबत्ती जलाई जाती है, खुशियां मनाई जाती है और प्रत्येक मसीही समाज के घरों में विभिन्न तरह के पकवान भी बनाए जाते हैं।

## सियान जतन दिवस पर

# वृद्धजन को बांटी गई छड़ियां

**मनेन्द्रगढ़।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेदरी में सियान जतन दिवस के अवसर पर लायंस क्लब प्राइड मनेन्द्रगढ़ द्वारा एक प्रेरणादायक सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत 65 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के वृद्धजन को सहारा प्रदान करने के उद्देश्य से छड़ी का वितरण किया गया, जिससे उनके दैनिक जीवन को सरल और सुरक्षित बनाया जा सके।

कार्यक्रम में काफी संख्या में स्थानीय नागरिक, हितग्राही एवं क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। क्लब पदाधिकारियों ने वृद्धजन का सम्मान करते हुए उन्हें छड़ी भेंट की और उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन की कामना की। वक्ताओं ने इस अवसर पर कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के अनुभव और संस्कारों के अमूल्य भंडार हैं, जिनकी सेवा और सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बढ़ती उम्र के साथ आने वाली शारीरिक कठिनाइयों को कम करना और बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाना रहा।

छड़ी प्राप्त कर वृद्धजन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए लायंस क्लब के प्रति आभार जताया। खास बात यह रही कि 102 वर्षीय सुखवारिया को भी इस दौरान छड़ी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लेदरी नगर पंचायत अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राणा के साथ ही क्लब की वरिष्ठ सदस्य लायन इंदिरा सेंगर, संगीता शर्मा, अध्यक्ष लायन पूनम सिंह, सोमा आचार्य, रजनी अग्रवाल, ममता राना, डॉ. मंजुलिका करण, सुधा सोनी, पूजा श्रीवास्तव, प्रियंका अग्रवाल, सोनिया कालरा, रूपा पोद्दार, अल्पा अग्रवाल, अंशु अग्रवाल एवं अरूणा अग्रवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



# शहर में सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

**बैकुण्ठपुर।** नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर निःशुल्क प्याउ का शुभारंभ 1 अप्रैल को प्रारंभ किया।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ आमजन भी उपस्थित रहे। जानकारी के अनुसार 1 अप्रैल को शहर के तहसील कार्यालय,जनपद कार्यालय के समीप, भवानी तिगड्डा, स्वामी आत्मानंद स्कूल महलपारा के सामने, चेर सहित कुल 10 स्थानों पर नपा परिषद बैकुंठपुर द्वारा सार्वजनिक प्याउ खोला गया। मार्च का महीना समाप्त होने के बाद धीरे-धीरे गर्मी तेज होने लगी है, इससे लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध करान की दिशा में पहल की गई है। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिला मुख्यालय होने के कारण जिले के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में प्रतिदिन लोगों का आना-जाना रहता है, जिन्हें शहर में निःशुल्क प्याउ सुविधा का लाभ मिल सकेगा। गर्मी के दिनों में लोगों को प्यास बुझाने के लिए ज्यादा पानी की आवश्यकता होती है, शहर के बाहर से आने वाले लोग जिनमें ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों के होते हैं, उनके लिए सार्वजनिक प्याउ बड़ा राहत देने वाला है, उन्हें विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर निःशुल्क पेयजल प्राप्त हो सकेगा।




### भारतीय सेना में अग्निवीर बनने का मौका

**बैकुण्ठपुर।** देश सेवा का सपना देखने वाले युवाओं के लिए भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026 के तहत शानदार अवसर उपलब्ध हुआ है। इच्छुक अभ्यर्थी 10 अप्रैल तक आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन कर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती प्रक्रिया चार चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में 1 से 15 जून के बीच ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा होगी। इसके बाद सफल अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षण, चिकित्सा परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया जाएगा। इस भर्ती के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क/स्टोर कीपर (टेक्निकल) और ट्रेडसमेन (8 वीं व 10 वीं पास) पदों पर नियुक्ति की जाएगी। अभ्यर्थियों की आयु 17 से 22 वर्ष निर्धारित है, जबकि शैक्षणिक योग्यता पदानुसार तय की गई है। शारीरिक परीक्षा में 1.6 किमी दौड़, पुल-अप, 9 फीट गड्ढा कूद और बैलेंसिंग बीम जैसी गतिविधियां शामिल होंगी। सामान्य ड्यूटी के लिए निर्धारित शारीरिक मापदंड भी लागू होंगे।

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 2 अप्रैल को जनभागीदारी समिति की द्वितीय बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं सचिव डॉ. आरएन कच्छप द्वारा जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे एवं अन्य सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने से हुई।

अध्यक्ष श्रीमती शिवहरे की सहमति से महाविद्यालय के विकास कार्यों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान नविता शिवहरे ने महाविद्यालय को एक कम्प्यूटर सेट प्रदान किया तथा एक वाटर कूलर देने की घोषणा भी की। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने महाविद्यालय के विकास के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर सहमति प्रदान की और सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति की सदस्य रेनु सिंह, गीता साहू, दानदाता अर्चना गुप्ता एवं मनीषा जायसवाल, पूर्व छात्राएं कुमारी अदिति गुप्ता एवं कुमारी साक्षी एरिना बेक सहित महाविद्यालयीन स्टाफ के सदस्य भारत सिंह, कनकलता पैकरा, डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा एवं रितेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य एवं सचिव डॉ. आरएन कच्छप द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## सराफा बाजार की सुरक्षा को लेकर पुलिस-व्यापारी बैठक

# चोरी, लूट जैसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में गुरुवार को सराफा बाजार के ज्वेलरी व्यापारियों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन एवं सराफा संघ के बीच महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

पुलिस अधीक्षक रवि कुर्रे के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेशा चौबे ने थाना प्रभारी राजेश तिवारी, साइबर प्रभारी विनोद पासवान एवं साइबर टीम के साथ व्यापारियों से सीधा संवाद किया। बैठक में बाजार क्षेत्र में चोरी एवं लूट जैसी घटनाओं की रोकथाम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने ज्वेलरी दुकानदारों को दुकानों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने, अलार्म सिस्टम का उपयोग करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की तत्काल सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए। साथ ही हेलमेट या चेहरा ढंककर आने वाले व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके अलावा 2 लाख रूपए से अधिक की खरीदी पर पैन कार्ड अनिवार्य करने तथा 10 लाख रूपए से ऊपर के लेन-देन पर आय का स्त्रोत पूछने की बात कही गई। आपातकालीन स्थिति में डायल 112, थाना प्रभारी एवं साइबर सेल के संपर्क नंबरों का उपयोग करने की भी सलाह दी गई।

पुलिस प्रशासन ने सराफा बाजार क्षेत्र में नियमित पेट्रोलिंग बढ़ाने का आश्वासन भी व्यापारियों को दिया। बैठक में सराफा संघ के पदाधिकारियों ने पुलिस की पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से व्यापारियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और पुलिस-व्यापारी समन्वय मजबूत होता है। कार्यक्रम में जिले के सराफा बाजार के सभी प्रमुख ज्वेलरी व्यापारी उपस्थित रहे।



गुरुवार को आयोजित बैठक में उपस्थित ज्वेलरी व्यापारी।

# राजस्व निरीक्षक पर 1000 रुपए क्षतिपूर्ति देने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2011 के तहत सेवाओं में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए राजस्व निरीक्षक जनार्दन सिन्हा पर 1000 रुपए का अर्थदंड लगाया है। यह आदेश अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुंठपुर द्वारा जारी किया गया है।

मामले के अनुसार ग्राम बैकुंठपुर निवासी श्रीमती सुमित्रा साहू ने ग्राम ओड़गी स्थित अपनी भूमि खसरा नंबर 704/3 एवं 704/5 के सीमांकन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया था। तहसीलदार बैकुंठपुर द्वारा राजस्व निरीक्षक को 15 दिवस के भीतर सीमांकन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत निर्धारित समय-सीमा में यह कार्य पूर्ण नहीं किया गया, जिससे आवेदिका को समय पर सेवा का लाभ नहीं मिल सका। इस पर अधिनियम की धारा 5(7) के तहत कार्रवाई करते हुए संबंधित राजस्व निरीक्षक को प्रत्येक दिन की देरी के हिसाब से अधिकतम 1000 रूपए का दंड लगाया गया।

- **समय-सीमा में सीमांकन नहीं करने पर हुई कार्रवाई**

अनुविभागीय अधिकारी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यह राशि राजस्व निरीक्षक से वसूल कर आवेदिका श्रीमती सुमित्रा साहू को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान की जाएगी। साथ ही संबंधित अधिकारी को भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही न करने की कड़ी चेतावनी भी दी गई है।

## खबर संक्षेप



### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में दी गई जानकारी

**राजपुर।** भाजपा मंडल बरियों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान सत्र का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण में कुल सात सत्र आयोजित किए गए, जिनमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक मजबूती तथा कार्यकर्ता दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण का उद्घाटन सत्र जिला महामंत्री संजय सिंह द्वारा किया गया, जिसमें उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीति-नीति से अवगत कराया और सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रथम दिवस के पांचवें सत्र में जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल का आगमन हुआ, जिन्होंने संगठन विस्तार और बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर दिया। दूसरे दिन के प्रथम चरण में भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठनात्मक अनुशासन और जनसंपर्क अभियान को तेज करने की बात कही। समापन सत्र में विधानसभा क्षेत्र की विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रशिक्षण को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताया और आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। प्रशिक्षण का संचालन एवं संपूर्ण व्यवस्था मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल द्वारा की गई। कार्यक्रम में मंडल के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा विभिन्न मोर्चों के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहे।

### नपा अध्यक्ष ने वन विभाग से की वन वाटिका में बच्चों के लिए झूला लगाने की मांग

**रामानुजगंज।** नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने शहर के वन वाटिका में बच्चों के लिए झूला एवं अन्य खेल सामग्री स्थापित किए जाने की मांग वन विभाग से की है। इस संबंध में उन्होंने वन विभाग से आवश्यक पहल करने की बात कही। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि रामानुजगंज स्थित वन वाटिका जिले के प्रमुख पिकनिक स्पॉटों में से एक है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग परिवार के साथ घूमने और समय बिताने के लिए पहुंचते हैं। खासतौर पर छुट्टियों और सप्ताहांत के दिनों में यहां भारी भीड़ देखी जाती है। बड़ी संख्या में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ वन वाटिका पहुंचते हैं। लोकप्रिय स्थल होने के बावजूद वन वाटिका में बच्चों के मनोरंजन के लिए पर्याप्त संसाधनों का अभाव है। झूला, स्लाइडर या अन्य खेलकूद की सामग्री नहीं होने के कारण बच्चों को निराश होना पड़ता है। बच्चे किसी भी पिकनिक स्थल की रौनक होते हैं, लेकिन जब उनके लिए खेलने की व्यवस्था नहीं होती, तो उनका उत्साह कम हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि यहां झूला एवं अन्य खेल सामग्री स्थापित की जाती है, तो न केवल बच्चों को आनंद मिलेगा, बल्कि परिवारों के लिए यह स्थान और अधिक आकर्षक बन जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने वन विभाग से जनहित को ध्यान में रखते हुए वन वाटिका में बच्चों के लिए सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खेल उपकरण जल्द से जल्द लगाए जाने की मांग की है।

### देर रात कैफे होटल पुनः खोलने को लेकर विवाद युवकों ने व्यवसाई के साथ की मारपीट

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मोरभंज स्थित ट्री हाउस कैफे के संचालक अंबिकापुर मायापुर वार्ड नंबर 36 निवासी प्रार्थी फैज सिद्दीकी पिता फईयाज सिद्दीकी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मंगलवार की रात करीब 8.30 बजे जब वह रोज की तरह अपना कैफे बंद कर रहे थे तभी दो युवक शुभम वैद्य और देव समद्दार कथित रूप से नशे में धुत्त होकर वहां पहुंचे। उन्होंने कैफे को दोबारा खोलने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। कैफे संचालक के मना करने पर गुस्से में आरोपियों ने गेट पर लात मारते हुए अश्लील गालियां देकर जान से मारने की धमकी दी। दोनों के बीच बहस होने के बाद प्रार्थी अपने भाई साकिब के साथ अपनी कार क्रमांक सीजी 15 डीजेड 7814 से घर के लिए निकल गया। तभी रास्ते में वही युवक उनकी कार का दोबारा पीछा करने लगे एवं ग्राम महावीरपुर संजयनगर में पिलखा ढाबा के पास गाड़ी रुकवाकर प्रार्थी कैफे संचालक एवं भाई के साथ मारपीट किये। रिपोर्ट पर जयनगर पुलिस ने आरोपी शुभम वैद्य,देव समद्दार, आयुष समद्दार एवं अन्य साथियों के खिलाफ विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## वर्षों से अधूरे पड़े हैं शैक्षिक एवं प्रशासनिक भवन, उधार के भवन में चल रहा यूटीडी

# नए सत्र से 25 विषयों का संचालन एसजीजीयू के लिए बना बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विवि शिक्षण विभाग में आगामी सत्र से 25 नए विषयों का अध्यापन प्रारंभ करने की स्वीकृति एसजीजीयू प्रबंधन के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। अभी भी विश्वविद्यालय के अधिकांश भवन अधूरे पड़े हैं तथा विवि का शिक्षण विभाग भी प्रारंभ से ही उधार के भवन में संचालित हो रहा है।

**खास बात**

- 25 विषयों की कक्षाओं के लिए विवि के पास नहीं है भवन

संत गहिरा गुरू विवि पिछले दो वर्षों से शैक्षणिक गतिविधियां बढ़ाने पर जोर दे रहा है। विवि प्रबंधन दो वर्षों से शासन से शैक्षणिक विभाग अंतर्गत नए विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने की मांग कर रहा था तथा इस संबंध में प्रस्ताव भी भेज रहा था। उच्च शिक्षा विभाग ने कुछ दिनों पूर्व ही नए शिक्षा सत्र से विभिन्न 25 विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की है। इधर विवि के अधिकारियों का कहना है कि पूर्व में जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों से मिल रहे आश्वासन बजट में अधूरे भवनों के निर्माण के लिए राशि मिलने की उम्मीद थी। राशि उपलब्ध होने पर तीन महीने में शैक्षिक विभागों का निर्माण पूरा कराया जा सकता था। अधूरे भवनों के पूर्ण होने से सभी शैक्षिक गतिविधियां संचालित करने में आसानी होती लेकिन बजट में अधूरे भवनों के लिए राशि उपलब्ध नहीं हो सकी। विवि को मात्र 4 करोड़ की अनुदान राशि मिली है जो कर्मचारियों के वेतन भत्ते के लिए निर्धारित है। हालत यह है कि विवि के भकुरा परिसर में अभी तक सभी अधिकारी-कर्मचारियों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं हो सकी है। एक अधूरे भवन में अस्थाई कक्षों का निर्माण कर प्रशासनिक कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। इस भवन में अभी तक कुलपति कक्ष का निर्माण नहीं हो सका है। कुलपति का कार्यालय अभी भी विवि के पुराने भवन में संचालित हो रहा है। हालांकि कुलपति आवश्यकतानुसार प्रशासनिक कार्यालय में भी नियमित बैठते हैं। अधूरे भवनों का निर्माण शीघ्र पूरा नहीं हुआ तो भविष्य में परेशानी विकराल बन सकती है तथा विवि परीक्षाएं संचालित करने अतिरिक्त अपने मूल कार्य शैक्षिक गतिविधियों में पिछड़ सकता है। वर्षों से चल रही उपेक्षा से अब विवि के अधिकारी-कर्मचारी हतोत्साहित हो रहे हैं तथा सभी को अपने भविष्य की चिंता सता रही है।



निर्माणाधीन शैक्षिक परिसर।

### छात्रावास के लिए मिले 6 करोड़

आदिवासी विकास विभाग ने हाल ही में एसजीजीयू को छात्रावास निर्माण के लिए 6 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की है। विभाग के तकनीकी अधिकारियों ने छात्रावास निर्माण के लिए स्थल का चयन भी कर लिया है। शासन द्वारा भी विवि के छात्रावास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है जो राशि के अभाव में पिछले चार सालों से अधूरा पड़ा है। आदिवासी विकास विभाग द्वारा शीघ्र छात्रावास का निर्माण शुरू कराने की तैयारियों में है। विवि प्रबंधन द्वारा प्रारंभ में छात्रावास का निर्माण हाल के रूप में कराने एवं भवन का उपयोग यूटीडी की कक्षाओं के लिए उपयोग करने की योजना बना रहा है।

### राशि के लिए विकल्पों की तलाश

एसजीजीयू के अधिकारी भवन की समस्या के निराकरण के लिए अन्य विकल्पों की तलाश में जुटे हैं। अधिकारी विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं से सीएसआर की राशि हासिल करने की पहल कर रहे हैं। इस संबंध में एक निजी वित्तीय संस्थान ने सीएसआर मद से 60x200 फीट वर्गमीटर का हाल निर्माण कराने के संबंध में पहल करने का आश्वासन दिया है। विवि प्रबंधन सीएसआर मद की राशि से नए भवनों का निर्माण कराने के उद्देश्य से अन्य उद्योगों के अधिकारियों से भी चर्चा कर रहा है।

### आजाक विभाग से भी उम्मीदें

आदिवासी विकास विभाग अनुसूचित जनजाति के विकास की दिशा में विभिन्न तरह के भवनों का निर्माण कराता है। सरगुजा संभाग में अनुसूचित जनजाति की बड़ी आबादी है साथ ही विवि में अध्ययन करने अधिकांश विद्यार्थी इसी समुदाय के हैं। आदिवासी विकास विभाग विवि की भवन संबंधी समस्याओं के निराकरण की दिशा में बड़ा मददगार साबित हो सकता है। विवि प्रबंधन ने इस उम्मीद में आजाक विभाग को स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, रूरल टेक्नोलॉजी के विभिन्न 40 विषयों के संचालन हेतु भवन, प्रयोगशाला के लिए कम्प्यूटर एवं आर्यावर्त संग्रहालय एवं रिसर्च सेंटर का भवन निर्माण हेतु 80 करोड़ का प्रस्ताव भेजा है।

### तलाश रहे विकल्प

नए सत्र से 25 विषयों की कक्षाएं प्रारंभ करना विवि के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। विवि के सभी शैक्षिक एवं प्रशासनिक भवन वर्षों से अधूरे पड़े है। यूटीडी के विभाग एक स्कूल भवन में संचालित हो रहे हैं। भवन की व्यवस्था के लिए विकल्पों को तलाशा जा रहा है। कुछ संस्थानों से सीएसआर मद की राशि के लिए चर्चा की जा रही है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू

## अभयारण्य क्षेत्र में चल रहे निर्माण का भुगतान अटका, कार्यालय में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

तमोर पिंगला अभ्यारण्य में कथित घोटाले और अनियमितताओं को लेकर पहले से उठ रहे सवालों के बीच अब एक नया और गंभीर मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक अभ्यारण्य क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच कमीशन को लेकर विवाद चल रहा है, जिसने अब सार्वजनिक रूप ले लिया है।

बताया जा रहा है कि कार्य कराने वाले पक्ष द्वारा लगभग 18 प्रतिशत तक कमीशन देने की सहमति जताई जा रही है, जबकि उच्च स्तर पर 30 प्रतिशत तक की मांग की जा रही है। इसी मुद्दे को लेकर कार्यालय परिसर में खुलेआम विवाद, बहस की स्थिति बन गई है, जिससे विभाग की कार्यशैली और अनुशासन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस विवाद का सीधा असर निर्माण कार्यों और उससे जुड़े श्रमिकों पर भी पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार कमीशन को लेकर सहमति नहीं बनने के कारण कई कार्यों का भुगतान अटका हुआ है, जिससे मजदूरों और कर्मचारियों में असंतोष और हताशा का माहौल बन गया है। कई स्थानों पर श्रमिकों को समय पर मजदूरी नहीं मिलने से आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी तमोर-पिंगला क्षेत्र में पेड़ों की कटाई, निर्माण कार्यों में अनियमितता और कैम्पा फंड के उपयोग को लेकर गंभीर आरोप लग चुके हैं। वर्ष 2020 से 2024 के बीच विभिन्न परियोजनाओं के नाम पर बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और निर्माण कार्यों में पारदर्शिता को लेकर सवाल उठाए गए थे। इन मामलों में शिकायत भी की गईं, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों का भरोसा डगमगाने लगा है। इसी बीच हाथी रेस्क्यू सेंटर से जुड़ा एक और मामला सामने आया है, जिसमें लाखों रुपये के खर्च को लेकर फर्जीवाड़े के आरोप लगाए जा रहे हैं। यहां भोजन और देखरेख से जुड़ी व्यवस्था कागजों में तो पूरी दिखाई जा रही हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर वास्तविक स्थिति अलग हो सकती है। यदि यह आरोप सही साबित होते हैं, तो यह मामला और भी गंभीर रूप ले सकता है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों ने तमोर पिंगला अभयारण्य को एक बार फिर सुर्खियों में ला दिया है। जहां एक ओर पहले से लंबित जांच पर सवाल उठ रहे हैं, वहीं अब नए आरोपों ने पूरे मामले को और जटिल बना दिया है।

### होगी कड़ी कार्रवाई

मै वर्तमान में बाहर हूं, लेकिन वापस लौटते ही पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो संबंधितों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाएगी।

-विजय भूषण केरकेट्टा, एसडीओ

## नई राशन दुकान की मांग, नेता प्रतिपक्ष ने जिला खाद्य अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष प्रतीक सिंह ने क्षेत्र में राशन वितरण व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग को लेकर जिला खाद्य अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने नगर क्षेत्र में नई राशन दुकानों के संचालन की आवश्यकता बताते हुए नागरिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया है।

सौंपे गए ज्ञापन में प्रतीक सिंह ने उल्लेख किया है कि नगर पालिका क्षेत्र में वर्तमान में मात्र दो राशन दुकानों के माध्यम से हजारों राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। दुकानों की संख्या कम होने के कारण हितग्राहियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी गंभीर है कि कई राशन कार्डधारी 1 से 2 महीनों तक का समय पर राशन नहीं ले पा रहे हैं। राशन दुकानों में लंबी कतारें, अत्यधिक भीड़-भाड़ और वितरण में विलंब आम बात हो गई है जिससे बुजुर्ग, महिलाएं, व्यापारी एवं श्रमिक वर्ग को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार लोगों को सुबह से लेकर देर रात तक राशन के लिए इंतजार करना पड़ता है, इसके बावजूद उन्हें निराश होकर लौटना पड़ता है। नगर में वर्तमान व्यवस्था लोगों की जरूरतों को पूरा करने में पूरी तरह सक्षम नहीं है। राशन जैसी मूलभूत सुविधा के लिए लोगों को इतनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने प्रशासन से मांग किया है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक 2 से 3 वार्डों के बीच एक नई राशन दुकान खोली जाए जिससे न केवल वितरण व्यवस्था सुचारू होगी, बल्कि नागरिकों को समय पर और आसानी से राशन उपलब्ध हो सकेगा। यदि नई राशन दुकानों की स्थापना की जाती है, तो इससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी और शासन की योजनाओं का लाभ सही तरीके से पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सकेगा।

## हाथी प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया जन जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

- 7 हाथियों का दल कर रहा विचरण

वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों की सक्रियता को देखते हुए वन विभाग ने निगरानी और जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। मंगलवार की शाम राजपुर उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव एवं नव पदस्थ वन परिक्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने वन कर्मचारियों और हाथी मित्र दल के साथ बीट रेवतपुर अंतर्गत ग्राम खोखनिया तथा प्रतापपुर रेंज के खडगवांकला के सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में विचरण कर रहे 7 जंगली हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गांवों में पहुंचकर लोगों से सीधे संवाद किया और संभावित खतरे को देखते हुए आवश्यक सावधानियां बरतने का आह्वान किया। उन्होंने ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक हाथियों का दल क्षेत्र में मौजूद है, तब तक कोई भी व्यक्ति जंगल की ओर महुआ बीनने, लकड़ी या पत्ता तोड़ने के लिए न जाए। ऐसा करने से जान-माल का खतरा बढ़ सकता है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि हाथियों का व्यवहार अनिश्चित होता है, इसलिए उनसे दूरी बनाए रखना ही सबसे सुरक्षित उपाय है। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों और राहगीरों को यह भी समझाया कि यदि हाथी गांव के नजदीक दिखाई दें या ग्रामीण क्षेत्र की ओर बढ़ें तो तुरंत वन विभाग के कर्मचारियों या हाथी मित्र दल को सूचना दें। इसके अलावा उप वनमंडलाधिकारी रविशंकर श्रीवास्तव एवं वन परिक्षेत्राधिकारी अजय कुमार वर्मा ने वन कर्मियों तथा हाथी मित्र दल के साथ कई ग्राम पंचायतों खोखनिया, रेवतपुर, परसवार कला और धंधापुर में जन चौपाल लगाई।

वन विभाग ने ग्रामीणों से आह्वान किया है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी स्थिति में हाथियों को उकसाने या भगाने का प्रयास न करें। विभाग ने आश्वस्त किया कि हाथी दल की लगातार निगरानी की जा रही है और कर्मचारियों को क्षेत्र में तैनात किया गया है, ताकि ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### सीढ़ी से गिरी किशोरी की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर के आंगन में सीढ़ी लगाकर लिपाई कर रही किशोरी अचानक नीचे गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुई किशोरी की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ओड़गी अंतर्गत ग्राम कर्री निवासी रविना सिंह आ. सहदेव सिंह (15 वर्ष) 28 मार्च को घर के आंगन में सीढ़ी लगाकर दीवार में लिपाई कर रही थी। इसी दौरान अचानक सीढ़ी से नीचे गिर गया जिससे अचेत हो गई। कुछ समय बाद होश आने पर परिजन ने घर में ही इलाज कराना शुरू कर दिया। 30 मार्च को जिला चिकित्सालय में जांच कराई तो एक्स-रे रिपोर्ट देने पर चिकित्सकों ने ऑपरेशन कराने की सलाह दी वहीं तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात किशोरी की मौत हो गई।

## श्रीराम मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन के साथ शिखर कलश स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

नगर के रंगमंच स्थित लगभग 60 वर्ष पुराने हनुमान मंदिर के पुनर्निर्माण व कायाकल्प का लिया गया। संकल्प के दो वर्ष की अवधि में पूर्ण होने पर भव्य व आकर्षक स्वरूप तथा राजस्थान के पत्थरों की कलात्मक स्थापत्य कला से हनुमान मंदिर के नवनिर्माण पूर्ण हुआ। मंदिर के शिखर कलश पूजन समारोह का भव्य धार्मिक अनुष्ठान बुधवार को श्रीराम मंदिर से भव्य कलश यात्रा व शिखर कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। धार्मिकमय हुए वातावरण में बजरंग बली के जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने शिरकत की और महिलाओं ने उत्साहपूर्ण वातावरण में कलश लेकर नवनिर्मित हनुमान मंदिर परिसर पहुंच कलश अर्पण किया। इसके उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शिखर कलश स्थापना का धार्मिक अनुष्ठान आचार्य राम सुवन त्रिपाठी व पप्पू महाराज के सानिध्य सहित ब्राह्मणों के मंत्रोच्चार,भजन कीर्तन व पूजा अर्चना के साथ हुआ। मंदिर समिति के सदस्यों ने पूजा अर्चना की और रखी गई आधारशिला के उपरांत आज निर्माण कार्य पूर्ण होने पर देवी-देवताओं का आह्वान करते हुए मंदिर नगर वासियों को समर्पित किया। हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व समारोह पूर्वक शिखर कलश पूजन किया गया। इस दौरान मंदिर निर्माण समिति व मारूति सेवा समिति के अजय अग्रवाल, आशा अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, सोमिल अग्रवाल, अंकुर गर्ग, स्वाति गर्ग, राहुल अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल, अमित तायल, रानी तायल सपत्नीक व कान्हा जिंदिया तथा उर्मिला देवी अग्रवाल अंबिकापुर जजमान के रूप में धार्मिक अनुष्ठान को पूर्ण किया। श्रीराम मंदिर से निकली विशाल शोभयात्रा मुख्य मार्ग होते हुए अग्रसेन चौक में पूजा अर्चना के उपरांत केतका रोड होते हुए हनुमान मंदिर पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। उक्त धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में मंदिर समिति से जुड़े सदस्य सक्रिय रहे।



### आज श्री हनुमान जन्मोत्सव का होगा आयोजन

2 अप्रैल की सुबह पूजा-अर्चना, हवन, आरती के उपरांत दोपहर में बजरंग बली का विशाल भंडारा-प्रसाद आयोजित है। उसके उपरांत बजरंग दल की अगुवाई में भव्य व दिव्य झांकी के साथ शोभायात्रा नगर भ्रमण करेगी। शाम को सुंदरकांड पाठ के साथ श्री हनुमान चालीसा पाठ का सामुहिक धार्मिक आयोजन होगा। रात्रि में नवयुवक दुर्गा मंडल व बाहर के भक्तिरस कलाकारों द्वारा भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी।

## केशवनगर के सबस्टेशन में चोरों का धावा, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता से चोरी की कोशिश नाकाम हुई

केशवनगर स्थित 220 केवी विद्युत उपकेंद्र में मंगलवार देर रात चोरों ने घुसकर चोरी का प्रयास किया लेकिन कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता से उनकी कोशिश नाकाम हो गई। इस दौरान एक आरोपी युवक को मौके पर ही पकड़ लिया गया जिसे पुलिस को सौंप दिया गया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार लगभग 8 से 10 की संख्या में चोर देर रात करीब 1.45 बजे उपकेंद्र की फेंसिंग काटकर परिसर में दाखिल हुए और वहां रखे कॉपर केबल चोरी करने का प्रयास करने लगे इसी दौरान कर्मचारियों को आहट सुनाई दी जिसके बाद उन्होंने शोर मचाकर चोरों को खदेड़ा। सभी आरोपी मौके से फरार हो गए लेकिन एक युवक को मौके पर पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान कृष्णा साहनी (23 वर्ष) निवासी बाजारपारा भटगांव के रूप में हुई है। प्राइवेट ऑपरेटर अवधेश सोनवानी की रिपोर्ट पर बिश्रामपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है और घटना में शामिल अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी का ससुराल शिवनंदनपुर में है और वह भटगांव से आकर इस वारदात को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने अन्य चोरी की घटनाओं के बारे में भी अहम सुराग मिलने की उम्मीद जताई है।

## नुनेरा टीम ने फुटबॉल प्रतियोगिता पर जमाया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला



ग्राम पंचायत गुमगरा कला में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच नुनेरा उदयपुर और गुमगरा कला लखनपुर के मध्य खेला गया जिसमें नुनेरा टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए गुमगरा कला की टीम को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। विजेता टीम को मुख्य अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती नीतू धर्मेन्द्र झारिया ने 17 हजार रुपए नगद और शील्ड तथा उपविजेता टीम को 12 हजार रुपए नगद व शील्ड देकर सम्मानित किया। फाइनल मैच में 2 गोल करने वाले नुनेरा टीम के खिलाड़ी को जनपद सदस्य नीतू धर्मेन्द्र झारिया द्वारा नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जनपद सदस्य नीतू धर्मेन्द्र झारिया ने कहा कि खेल में हारजीत लगा रहता है। हार से निराश नहीं होना चाहिए। हार अच्छे से खेलने के लिए प्रेरित करता है और खिलाड़ियों को हार को जीत में बदलने के लिए बेहतर तैयारी करना चाहिए। सरपंच श्रीमती कलावती उर्रे, पूर्व जनपद सदस्य धर्मेन्द्र कुमार झारिया ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रमेश साहू और आभार प्रदर्शन लोकनाथ उर्रे द्वारा किया गया।

इस दौरान शिवप्रताप उर्रे, राजन राम, गुड्डू सिंह, गोलू साहू, मनोज श्याम, सुभाष राजवाड़े, ओम प्रकाश साहू, घुरवा पैकरा, अजीमल मरावी, शिव भरोस पैकरा, मदन सिंह पैकरा, शिवलाल साहू, कपूर साहू, फ़ुटबॉल प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष ईश्वर उर्रे, उपाध्यक्ष कपिल सिंह, सचिव सोना खंड, गौरी शंकर साहू, ज्ञान प्रसाद यादव, सुशील सिंह, भागीरथी यादव, बालगोविंद यादव, अभिमन्यु सिंह, अमर सिंह, राजेंद्र सिंह, काशी पैकरा, भरत यादव, बुद्ध सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## नक्सलमुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प हुआ पूरा, भाजयुमो ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि


**अम्बिकापुर।** प्रदेश संगठन के अह्वान पर भाजयुमों ने मंगलवार को देर शाम नक्सली हमलों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों, समर्पित जनसेवकों और निर्दोष नागरिकों की स्मृति में एक दीप शहीदों के नाम श्रद्धांजलि एवं दीपदान का आयोजन किया। भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन में भाजयुमों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने जयस्तंभ चौक पर प्रदेश में नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प पूरा होने की खुशी में देश की सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर शहीदों को नमन किया एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अपिर्त की। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अंबिकेश केशरी, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री फुलेश्वरी सिंह, जिला उपाध्यक्ष विकास पाण्डेय, जिला महामंत्री अरूणा सिंह, जन्मेजय मिश्रा, मनोज गुप्ता, कमलेश तिवारी, प्रिया सिंह, निशांत सिंह शोलू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## सुरक्षाकर्मियों को मिली पदोन्नति

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में कार्यरत आधा दर्जन सुरक्षा कर्मियों को पदोन्नति का लाभ प्राप्त हुआ है। बिश्रामपुर क्षेत्रीय मुख्यालय में पदस्थ सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक दिनेश कुमार एवं पवन शर्मा पदोन्नति के बाद सुरक्षा उपनिरीक्षक बनाए गए हैं,इसी कड़ी में वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरी यशपाल, सरफराज, आत्मा, धर्मेंद्र साहू प्रधान सुरक्षा प्रहरी नियुक्त किए गए है। पदोन्नति के बाद भी ये सब इसी क्षेत्र में अपनी सेवा देंगे,बुधवार को इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने पदोन्नत सुरक्षा उपनिरीक्षक दिनेश कुमार और पवन शर्मा के कंधे पर स्टार लगा दोनों कर्मियों को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर एरिया सेफ्टी ऑफिसर बेचन सिंह,एरिया पर्सनल मैनेजर एसकेपी शिंदे एवं सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण उपस्थित रहे।





# सच्चाई और झूठ के बीच की लाइन होती जा रही धुंधली : अमिताभ

**मुंबई।** 83 साल की उम्र में भी अमिताभ बच्चन लगातार फिल्में कर रहे हैं। बिग बी ने हाल ही में बताया कि उनकी 'कल्कि 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। वहीं ,अब उन्होंने सोशल मीडिया पर एक ब्लॉग पोस्ट किया है, जो हर किसी को सरप्राइज कर रहा है। बिग बी ने अपने इस ब्लॉग में बताया कि जब लोग उनसे पूछते हैं कि आप इतनी मेहनत क्यों करते रहते हैं, तो अमिताभ बच्चन का जवाब बहुत सीधा होता है- 'क्यों नहीं?' अमिताभ बच्चन ने आज की दुनिया के बारे में भी लिखा। उन्होंने लिखा कि आज जानकारी इतनी ज्यादा हो गई है कि सच्चाई और झूठ के बीच की लाइन धुंधली होती जा रही है।' बिग बी की इस पोस्ट ने फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

लाइफ Style

# मोना

## मां का सम में दिखाएंगी सिंगल मदर्स का नया रूप

एक्ट्रेस मोना सिंह हाल ही में रिलीज हुई क्राइम थ्रिलर 'सूबेदार' में नजर आई थीं। अब वो नई सीरीज 'मां का सम' में नजर आने वाली हैं। माफिया क्वीन बनने के बाद अब वो एक सिंगल मदर के रोल में नजर आएंगी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मोना ने हाल ही में अपने इस रोल की खासियत बयां की। अपने किरदार का जिक्र करते हुए मोना ने कहा, 'मैंने पहले भी मां के किरदार निभाए हैं, लेकिन विनीता मुझे काफी अलग लगी। उसे उस परफेक्ट और त्याग करने वाली मां की तरह नहीं लिखा गया है, जैसा हम कई साल से देखते आ रहे हैं। काफी समय से हमने मांओं को एक ऊंचे दर्जे पर बिठा दिया है, जहां उनकी पूरी पहचान बस त्याग और बलिदान तक सिमट कर रह जाती है।'मोना ने आगे कहा, 'मेरा किरदार विनीता इसी सोच को तोड़ती है। वो एक मां है, लेकिन एक ऐसी औरत भी है जिसकी अपनी अलग जिंदगी, अपनी पसंद और अपनी इच्छाएं हैं। उसे साथ की तलाश है, वो डेटिंग के लिए तैयार है और अपनी शर्तों पर चीजें समझ रही है। यही ईमानदारी मुझे इस किरदार की तरफ खींच ले गई। यह बहुत असली और आज के दौर का किरदार लगा।' अपने किरदार पर विस्तार से चर्चा करते हुए मोना ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह किरदार बहुत जरूरी है, खासकर युवा दर्शकों के लिए। इसे देखने के बाद वो अपनी मांओं को सबसे पहले एक इंसान के तौर पर देखेंगे। उनके भी सपने होते हैं, भावनाएं होती हैं और माता-पिता होने के अलावा भी एक अपनी जिंदगी होती है।



## हॉलीवुड मसाला



# क्रिप्टो को बचाने के खातिर लड़ेगी सुपरगर्ल

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'सुपरगर्ल' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया है। इस बार सुपरगर्ल अपने सबसे करीबी दोस्त की जिंदगी के लिए लड़ती नजर आएगीं। 'सुपरगर्ल' के फैंस का इंतजार अब खत्म हो चुका है। मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। 2 मिनट 56 सेकंड के इस ट्रेलर में सुपरगर्ल खतरों के बीच लड़ती और खुद को खोजती नजर आएंगी। हॉलीवुड फिल्म 'सुपरगर्ल' का ट्रेलर मंगलवार देर रात रिलीज किया गया। इसकी शुरूआत सुपरगर्ल और सुपरमैन के बीच बातचीत से होती है, जिसमें सुपरमैन पूछता है कि सुपरगर्ल कब वापस लौटेगी?




# हाथ मिलाना पड़ा महंगा प्रोजेक्ट से हुईं बाहर...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री डकोटा जॉनसन अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने एक ऑडिशन से जुड़ा हैरान कर देने वाला किस्सा सुनाया है। उनके मुताबिक एक बार वह एक फिल्म के लिए ऑडिशन देने गई थीं। उनके शिष्टाचार वाली बात की वजह से उन्हें प्रोजेक्ट से बाहर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कैसे वह कमरे में गईं और टीम का अभिवादन किया। इस बात को वह एक सामान्य बातचीत मान रही थीं। हालांकि, यह दूसरे पक्ष के लिए असामान्य बात थी। उस पल को याद करते हुए अभिनेत्री ने कहा, 'मैं कमरे में गई, मैंने सबसे हाथ मिलाया और अपना परिचय दिया। सीन पूरा करके वहां से निकलने के बाद मुझे पता चला कि इस तरीके को उस तरह से नहीं लिया गया जैसा मैंने सोचा था। इस पर मिली प्रतिक्रिया काफी अजीब थी।'



# 14 साल लड़ाई के बाद भी इंसाफ नहीं

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने अभिनेत्री अनीता आडवाणी की वह अपील खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने दिवंगत सुपरस्टार राजेश खन्ना के साथ अपने रिश्ते को शादी जैसा रिश्ता मानते हुए कानूनी दर्जा देने की मांग की थी। हाईकोर्ट ने डिंडोशी कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। फैसले के बाद एक बातचीत में अनीता बेहद आहत और भावुक नजर आईं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले को कई साल दिए पर उनकी बात कभी ठीक से सुनी ही नहीं गई। अनीता ने कहा कि लिव-इन और शादी जैसे संबंधों के मामलों में महिलाओं के लिए न्याय पाना बेहद मुश्किल है। मेरे साथ भी यही हुआ। पहले मुझे उस घर से बाहर किया गया, फिर 14 साल तक लड़ती रही और फिर भी इंसाफ नहीं मिला। सबसे बड़ा दुख यही है कि मुझे अपनी बात साबित करने का मौका ही नहीं दिया गया।



# शराब पीने वालों के साथ काम नहीं करता

**नई दिल्ली।** अभिनेता, निर्माता और लेखक विवेक वासवानी ने सुपरस्टार सलमान खान को कई खुलासे किए हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि पत्थर के फूल के बाद उन्होंने दोबारा क्यों सलमान खान जैसे सुपरस्टार के साथ काम नहीं किया? हालांकि, उन्होंने कुछ खास परिस्थितियों में सुपरस्टार के पेशेवर रवैये की सराहना भी की। विवेक वासवानी ने डिसिप्लिन, क्रिएटिव प्रोसेस और सलमान के साथ काम करने के अपने अनुभव को लेकर बात की। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें सलमान के साथ दोबारा काम करने का मन नहीं हुआ, तो वासवानी ने साफ कहा, 'नहीं हुआ।' उन्होंने आगे कहा कि मैं ऐसी जगह काम नहीं कर सकता, जहां शराब हो। मैं ऐसी जगह काम नहीं कर सकता, जहां लोग शराब पीते हों और अनुशासनहीनता के साथ काम करते हों।

## टीवी मसाला



# शिल्पा के शो भाभीजी घर पर हैं 2.0 बंद हो रहा...

**नई दिल्ली।** टेलीविजन का सबसे फेमस सिटकॉम 'भाभी जी घर पर हैं 2.0 ' का कुछ महीने पहले ही प्रीमियर हुआ था। इसमें अंगूरी भाभी शिल्पा शिंदे की वापसी हुई थी, लेकिन अब शो बंद होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'भाभी जी घर पर है! 2.0' के बंद होने की संभावना &टीवी में हो रहे बड़े बदलावों के कारण है, जिसके तहत कंपनी नए कंटेंट मेकिंग बंद करने की प्लानिंग कर रही है। शो से जुड़े सूत्रों ने बताया कि शो के कलाकार और क्रू 5 अप्रैल को अपना आखिरी एपिसोड शूट करेंगे। एंड टीवी के मई 2026 से सशुल्क री-रन चैनल बनने की उम्मीद है। यह बदलाव नए प्रबंधन के कार्यभार संभालने के बाद लागू होगा, जो चैनल की रणनीति में बदलाव की प्लानिंग करेगा। आने वाले हफ्तों में, चैनल नए शो पर ध्यान देना बंद कर देगा और पुराने कार्यक्रमों का ही प्रसारण करेगा। इसका सीधा असर चैनल पर चल रहे मौजूदा शो पर पड़ेगा। चैनल के सबसे फेमस और लंबे समय तक चलने वाले शो में से एक 'भाभीजी घर पर हैं!' के बहुत सारे फैंस हैं, ये अब बंद होने वाला है। खबरों के मुताबिक, इस बड़े बदलाव के तहत 'भाभीजी घर पर हैं 2.0' भी बंद हो जाएगा और शो का आखिरी एपिसोड 16 अप्रैल को प्रसारित होने की उम्मीद है। इससे पहले मीडिया में ऐसी अटकलें थीं कि 'भाभीजी घर पर हैं! 2.0' ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर शिफ्ट हो जाएगा। खबरों के अनुसार, 'भाभीजी घर पर हैं!' किसी दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के बजाय बंद हो जाएगा।

## तारक मेहता में कभी नहीं आएंगी दयाबेन



**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में मिसेज सोढ़ी का किरदार निभाने वालीं जेनिफर मिस्त्री ने दयाबेन के किरदार और दिशा वकानी की वापसी को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। जेनिफर का कहना है कि दिशा वकानी कभी भी शो में वापसी नहीं करेंगी और उनके कमबैक की जो खबरें आती रहती हैं, मेकर्स जो उनके आने की बात कहते हैं, वह सब मार्केटिंग स्ट्रैटेजी है। जेनिफर मिस्त्री अब 'तारक मेहता' का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने 15 साल तक शो का हिस्सा रहने के बाद 2023 में इसे छोड़ दिया था। बाद में जेनिफर मिस्त्री ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन आरोप लगाए थे। वहीं, दिशा वकानी ने 2017 में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ा था, और तबसे उन्होंने शो में वापसी नहीं की है। तब से अभी तक 10 साल बीत चुके हैं, पर दिशा वकानी की कमबैक की खबरें आती रहती हैं।

# कर्ज में डूबे दोस्त के लिए रफी ने फ्री में गाए थे 52 साल पुरानी फिल्म के गाने

***नई दिल्ली।*** *हिंदी सिनेमा के लोकप्रिय गायकों में मोहम्मद रफी का नाम भी शामिल रहता है। बेशक रफी साहब हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके द्वारा गाए गए शानदार गीतों को आज भी श्रोता सुनना पसंद करत हैं। यूं तो सिनेमा जगत में मोहम्मद रफी से जुड़े कई रोचक किस्से मौजूद हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक फिल्म ऐसी भी, जिसके लिए रफी साहब ने फ्री में गाने गाए थे। बात 1971 की है, जब सुपरस्टार जॉय मुखर्जी फिल्म लव इन बॉम्बे बना रहे थे। इस मूवी के लिए जॉय ने अपनी सारी पूंजी लगा दी। लेकिन, उनको सबसे झटका तब लगा, जब फिल्म पूरी बनने के बाद डिब्बा बंद हो गई और जॉय मुखर्जी की आर्थिक हालत खराब होने लगी। इस बुरे वक्त में मोहम्मद रफी ने अपने दोस्त जॉय का साथ दिया। रफी साहब न सिर्फ एक महान सिंगर थे, बल्कि इंसानियत का फरिश्ता भी माने जाते थे। उन्होंने लव इन बॉम्बे के लिए फ्री में गाने गाए और कर्ज में डूबे अपने दोस्त का साथ दिया। इस मूवी का रानी नाचो... रफी साहब ने बिना कोई रकम लिए गाया था।*



### दोस्ती की अनोखी मिसाल

कहा जाता है कि उन्होंने जॉय मुखर्जी से साफ कह दिया था कि फिल्म के गाने एक शर्त पर ही गाऊंगा कि मुझे तुमसे पैसे नहीं चाहिए। ये सुनकर जॉय की आंखें भर आई थीं और वह समझ गए थे कि सच्चा दोस्त ही बुरे वक्त में साथ देता है। इस तरह से मोहम्मद रफी ने सिनेमा जगत में दोस्ती की अनोखी मिसाल कायम की।

### 40 साल बाद रिलीज हुई थी लव इन बॉम्बे

मोहम्मद रफी के फ्री गाने और तमाम संघर्षों के बाद भी जॉय मुखर्जी की राह आसान नहीं हुई। उनकी फिल्म लव इन बॉम्बे करीब 40 साल बाद जाकर सिनेमाघरों में रिलीज हो पाई थी। हालांकि, तब तक न तो रफी साहब रहे और न ही जॉय अपनी मूवी को रिलीज होते ही देख पाए। लेकिन मोहम्मद रफी साहब की दरियादिली के लिए जॉय की इस मूवी को आज भी याद किया जाता है।

# गोल्डन टेंपल के दर्शन करके हुईं भावुक



***नई दिल्ली।*** *इन दिनों देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड गलियारों को छोड़कर अमृतसर की गलियों में नजर आ रही हैं। मंगलवार को वह गोल्डन टेंपल भी दर्शन करने पहुंची थीं। मंदिर के दर्शन करने के बाद प्रियंका ने वहां पर सेवा भी की। बुधवार को अपनी गोल्डन टेंपल की यात्रा से जुड़ी कुछ खास तस्वीरें प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इस पावन स्थान पर पहुंचकर उन्हें अपने दिवंगत पिता की भी बहुत याद आई। अपनी पोस्ट में प्रियंका ने अपने पिता को भी याद किया है। देखें प्रियंका चोपड़ा द्वारा साझा की गई तस्वीरें। गोल्डन टेंपल के सामने खड़े होकर प्रियंका चोपड़ा ने कई तस्वीरें ली हैं। साथ ही एक तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा, 'पापा आपके बारे में ही सोच रही हूं।'आगे वह गुरुद्वारा कमेटी का भी आभार व्यक्त करती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने बहुत ही सहजता से गोल्डन टेंपल के दर्शन किए थे। प्रियंका चोपड़ा ने गोल्डन टेंपल के अंदर की भी कई तस्वीरें साझा की हैं। वह सिंपल सूट-सलवार में स्वर्ग मंदिर के गलियारे में नजर आ रही हैं। सोने से जड़े हुए मंदिर की भी अलग-अलग जगह से तस्वीरें एक्ट्रेस ने पोस्ट की हैं। साथ ही एक बुजुर्ग निहंग सिख की फोटो भी प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर शेयर की है।*

## पहले तीन महीने में बॉलीवुड ने कुछ कमाल की फिल्में की हैं रिलीज

# ये हैं 2026 की अब तक पांच सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में


***नई दिल्ली।*** *साल 2026 की शुरुआत सिनेमालवर्स के लिए शानदार हुई है। पहले तीन महीने में बॉलीवुड ने कुछ कमाल की फिल्में रिलीज की हैं। इन फिल्मों में सबसे ज्यादा चर्चा रणवीर सिंह की धुरंधर 2 की हो रही है। धुरंधर 2 बॉक्स ऑफिस पर भी कमाल कर रही है। इस साल की अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म धुरंधर 2 है। धुरंधर 2 की आंधी के बीच हम आपको बता रहे हैं साल 2026 की भारत में अबतक की पांच सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में।*



**धुरंधरः द रिवेंज :** आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर 2 ने अबतक (01 अप्रैल, 12 बजे तक) 903.22 करोड़ की कमाई कर ली है। रणवीर सिंह की ये फिल्म इस साल की अबतक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों का रिकॉर्ड तोड़ा है। फिल्म में सारा अर्जुन, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, आर माधवन और संजय दत्त जैसे कलाकार नजर आए हैं। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.6 है। फिल्म 19 मार्च को रिलीज हुई थी।



**बॉर्डर 2 :** लिस्ट में दूसरे नंबर पर सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी की फिल्म बॉर्डर 2 है। इस वॉर ड्रामा फिल्म को अनुराग सिंह ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 23 जनवरीको रिलीज हुई थी। फिल्म ने 362.76 करोड़ की कमाई की है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.4 है।



**ओ रोमियो :** लिस्ट में तीसरे नंबर पर शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो है। फिल्म 13 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को विशाल भारद्वाज ने डायरेक्ट किया है। फिल्म की कमाई की बात करें तो फिल्म का भारत में कलेक्शन 83.35 करोड़ है। ओ रोमियो की आईएमडीबी रेटिंग 5.6 है।



**मर्दानी 3 :** लिस्ट में चौथे नंबर पर रानी मुखर्जी की फिल्म मर्दानी 3 है। फिल्म को अभिराज मीनावाला ने डायरेक्ट किया है। फिल्म 30 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने भारत में 52.99 करोड़ का कलेक्शन किया है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 6.9 है।




**द केरल स्टोरी 2 :** लिस्ट में पांचवे नंबर पर कामाख्या नारायण सिंह की फिल्म दे केरल स्टोरी 2 है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 5.3 है। फिल्म ने भारत में 51.92 करोड़ की कमाई की है। फिल्म 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप

### 14 हितग्राहियों को 1.25 लाख की सहायता स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में जनसंपर्क निधि के माध्यम से जरूरतमंद नागरिकों को राहत पहुंचाने की दिशा में जिला प्रशासन ने सराहनीय पहल की है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर के निर्देशानुसार मंत्रियों के जनसंपर्क दौरे के समय मांग संख्या 1-लेखा शीर्ष 2013 के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कुल प्राप्त आवंटन राशि 20 लाख रूपए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 भरतपुर-सोनहत एवं 2 मनेन्द्रगढ़ के लिए प्राप्त हुई है। जिनके अनुक्रम में श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत, संसद सदस्य (लोकसभा) कोरबा, छग के निर्देशानुसार जनसंपर्क निधि अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 मनेन्द्रगढ़ के प्राप्त आवंटन राशि 10 लाख रूपए में से 1,25,000 मात्र की राशि निम्नांकित हितग्राहियों को उनके नाम के समक्ष अंकित राशि के अनुसार चेक के माध्यम से भुगतान करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। कुल 14 हितग्राहियों को विभिन्न आवश्यकताओं के लिए 1,25,000 रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह सहायता शिक्षा, उपचार एवं अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रदान की गई है, जिससे लाभार्थियों को सीधा लाभ मिलेगा।

### 79 हितग्राहियों को 8.75 लाख की सहायता स्वीकृत

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में जनसंपर्क निधि के माध्यम से सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनहितकारी गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी, जिला एमसीबी द्वारा जारी आदेश के अनुसार छग शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर के निर्देशानुसार मंत्रियों के जनसंपर्क दौरे के दौरान प्राप्त मांगों के आधार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सहायता स्वीकृत की गई है। उक्त आदेश के तहत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 भरतपुर-सोनहत के लिए प्राप्त 10 लाख रूपए की जनसंपर्क निधि में से कुल 8,75,000 रूपए की राशि 79 हितग्राहियों को स्वीकृत की गई है। यह स्वीकृति विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह की अनुशंसा पर प्रदान की गई है।

### सभी राशनकार्ड हितग्राहियों का ईकेवाईसी अनिवार्य

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत सभी राशन कार्डधारी हितग्राहियों के लिए ईकेवाईसी (इलेक्ट्रॉनिक केवाईसी) कराना अनिवार्य कर दिया गया है। शासन द्वारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। संचालनालय, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, नया रायपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार जिले के सभी राशनकार्डधारी हितग्राहियों 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को छोड़कर ईकेवाईसी कराया जाना आवश्यक है। जिला प्रशासन द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। साथ ही समस्त हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे इस कार्य को गंभीरता से लेते हुए अनिवार्य रूप से और शीघ्रता से अपना ईकेवाईसी पूर्ण कराएं।

### अधीक्षक रहते हैं नदारद, चपरासियों के भरोसे आश्रम का संचालन

# अव्यवस्था के बीच संचालित हो रहा बैजनाथपुर का पहाड़ी कोरवा आश्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

पहाड़ी कोरवा समुदाय को शासन की हर योजना का लाभ मिले इसके लिए विशेष व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य योजना का लाभ सीधे पहाड़ी कोरवा को मिले इसके लिए सख्त निर्देश दिए गए है जिससे पहाड़ी कोरवा समुदाय उत्थान हो सके है। जिले में भी पहाड़ी कोरवा समुदाय के लोगों को हर क्षेत्र में सुविधा इसे लेकर शासन प्रशासन गंभीर है। पहाड़ी कोरवा बच्चों को पढ़ाई करने तथा रहने के लिए बैजनाथपुर पहाड़ी कोरवा आश्रम संचालित है कि जहां विकास खंड के दूरस्थ क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा बच्चे रहकर पढ़ाई करते है। हैरानी की बात यह है पहाड़ी कोरवा आश्रम तो खोल दिया गया लेकिन देखरेख सही से नहीं होने से आश्रम में भारी अव्यवस्था है जिसका खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि आश्रम अधीक्षक के नदारद रहने से अब आश्रम का संचालन चपरासियों के भरोसे संचालित है।

विकासखंड बतौली के दूरस्थ क्षेत्र के पहाड़ी कोरवा बच्चों के लिए बैजनाथपुर में पहाड़ी कोरवा आश्रम खोला गया है। पहाड़ी कोरवा आश्रम अब चपरासियों के भरोसे संचालित हो रही है जहां अधीक्षक पिछले पांच महीने से अपने कार्यभार संभालने के बाद अब तक आश्रम में निवास नहीं किया है। विडंबना है कि शासन प्रशासन द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने की कोशिश की जाए लेकिन ग्रामीण व दुरस्त क्षेत्रों में संचालित पहाड़ी कोरवा आश्रम बैजनाथपुर की व्यवस्था का बुरा हाल है। यहां पदस्थ चपरासियों द्वारा आश्रम का संचालन किया जाता है। वर्तमान में 52 की दर्ज संख्या में संचालित आश्रम में 39 बच्चे ही रहते है जो कक्षा पहली से पांचवीं तक आश्रम में ही अध्यरत है। बच्चों को आज सुबह के खाने में चने की सब्जी के साथ रुखा सूखा भोजन चपरासी सुरेश द्वारा परोसा गया।


सूखी सब्जी, चावल के साथ भोजन करते बच्चे।

#### पांच महीने पूर्व पोस्टिंग लेकिन नहीं रहते छात्रावास में

छात्रावास की पूरी जिम्मेदारी अधीक्षक की होती है। आश्रम में रहने वाले बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भोजन की व्यवस्था है या नहीं इसकी निगरानी करना होता है। इसके लिए आश्रम अधीक्षक को छात्रावास में समय देना होता है। हैरानी की बात तो यह है कि छात्रावास में पोस्टिंग हुए आश्रम अधीक्षक एक बार भी छात्रावास नहीं गए। अधीक्षक आशीष कोसले द्वारा शांतिपारा कालोनी में निवास कर आश्रम की देख रेख करते है जिससे आश्रम बैजनाथपुर की पूरी जिम्मेदारी यहां पदस्थ चपरासियों के भरोसे निर्भर है। ऐसे में बच्चों के साथ कोई अनहोनी होने पर कौन जिम्मेदारी लेगा यह समझ से परे है।

**कराई जाएगी कार्रवाई**

पहाड़ी कोरवा छात्रावास में जिस तरह से लापरवाही बरती जा रही है उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

-ललिता तिर्की, भाजपा महामंत्री

**दिए गए हैं जांच के निर्देश**

पहाड़ी कोरवा छात्रावास में लापरवाही बरती जा रही है तो इसकी जांच कराई जाएगी। आदिवासी सहायक आयुक्त को जांच हेतु निर्देशित किया गया है।

-अजीत वसंत, कलेक्टर सरगुजा

चपरासी सुरेश द्वारा बताया गया कि आश्रम में खाद्य सामग्री की कमी पिछले 3 दिनों से है दाल भी नहीं है इसलिए सब्जी खिलाया जा रहा है अधीक्षक को सामान लाने की जानकारी दी गई है लेकिन अभी तक व्यवस्था नहीं हुई है। चपरासी के भरोसे संचालित आश्रम में सब्जी में एक लौकी, 2 केजी आलू ही रखा हुआ है। दाल कई दिनों से खत्म है जिससे बच्चों को रुखा सूखा भोजन से ही संतुष्ट होना पड़ता है। जबकि नाश्ता दिया ही नहीं जाता है और सुबह शाम बच्चों को सिर्फ भोजन कराने का कोरम पूरा किया जाता है। इसके अलावा छात्रावास में रह रहे बच्चों की स्थिति भी दयनीय है जहां महीने में एक नहाने का साबुन और एक कपड़ा धोने का साबुन दिया जाता है। मुंह धोने का ब्रश और कोलगेट घर से मंगाया जाता है। बच्चों के कपड़े गंदे और फटे हुए है। छात्रावास में बच्चों को जो व्यवस्था उपलब्ध होना चाहिए वह नहीं है जिससे बच्चे अभाव के बीच छात्रावास में रहने को मजबूर है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि अधिकारियों के उदासीन रवैया से शासन की नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही।

## 10 को होगी कक्षा 12 वीं हिंदी परीक्षा



**बैकुण्ठपुर।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार कक्षा 12 वीं हिंदी विषय की परीक्षा 10 अप्रैल को पुनः आयोजित की जाएगी। इसके लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, खरवत में केन्द्राध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रश्न पत्रों के सुरक्षित परिवहन, संधारण एवं वितरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला नोडल अधिकारी संयुक्त कलेक्टर अमित गुप्ता ने परीक्षा कार्य को सावधानीपूर्वक करने तथा गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद राय ने बताया कि गोपनीय सामग्री का वितरण 8 अप्रैल को समन्वयक केन्द्र बैकुंठपुर में किया जाएगा। बैठक में शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं सभी केन्द्राध्यक्ष उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के 28 पदों पर होगी भर्ती

**बैकुण्ठपुर।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बैकुंठपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 28 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों के लिए दावा आपत्ति आमंत्रित किया जा रहा है।

आंगनबाड़ी केन्द्र जमनीपारा, पटेलपारा डोहडा, पटेलपारा आंजोखुर्द, भंडारपारा, हरिजनपारा पतरापाली, पटेलपारा चारपारा, साहूपारा जटासेमर, साहूपारा रामपुर प, अहिरापारा, जामपारा डुमरिया, भैसामुड़ा, केनापारा, रजवारीपारा रनई, पीपरपारा, कोलपारा सरडी, धरकारीपारा पूटा, कोईरापारा सावारावां, खालपारा पिपरा, पटेलपारा उरूमदुगा, भट्ठीपारा बिशुनपुर, चिताघुटरी, खरवत, चेरवापारा, महादेवपारा डुमरिया, बांसाडांड मुरमा, उपरपारा जलिसाडांड़, हरिजनपारा शिवपुर एवं पटेलपारा चेर के लिए आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के भर्ती के लिए 17 अप्रैल तक कार्यालयीन दिवस व समय में आवा आपत्ति मंगाए गए हैं। अनंतिम मूल्यांकन पत्रक संबंधित आंगनबाड़ी केन्द्र संबंधित ग्राम पंचायत, वार्ड पार्षद, नगरपालिका, जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बैकुंठपुर में चस्पा किया गया है।

## लोहारी में आजीविका सेवा केन्द्र का शुभारंभ



**मनेन्द्रगढ़।** विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम लोहारी में शुरू हुआ आजीविका सेवा केन्द्र अब सिर्फ एक सुविधा केन्द्र नहीं, बल्कि महिलाओं के सपनों, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का नया आधार बनकर उभर रहा है। एकीकृत कृषि क्लस्टर परियोजना के तहत स्थापित यह केन्द्र ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और कौशल आधारित सशक्तिकरण की दिशा में मजबूत पहचान देगा। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू की उपस्थिति में हुआ, जहां जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं और विभिन्न आजीविका से जुड़े कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। पूरे आयोजन में महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति ने यह स्पष्ट कर दिया कि अब गांव की महिलाएं केवल सहभागिता नहीं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका में आगे बढ़ रही हैं। उज्जवल बिहान महिला आजीविका संकुल संगठन, घुटरा द्वारा संचालित यह केन्द्र महिलाओं के लिए एक वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करेगा। यहां उन्हें कृषि आधारित गतिविधियों, स्वरोजगार, प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और विपणन से जुड़ी सुविधाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी, इससे महिलाओं को अपने व्यवसाय को बढ़ाने और आर्थिक रूप से मजबूत बनने का अवसर मिलेगा।

## नए लेबर कोड बिलों के विरोध में श्रमिकों ने काला फीता लगाकर किया कार्य



हरिभूमि न्यूज : बिश्रामपुर

क्षेत्र के समस्त संस्थानों और खदानों में कोल कामगारों ने राष्ट्रव्यापी आह्वान पर काला दिवस मनाया, देश की 11 प्रमुख केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के निर्देशानुसार बिश्रामपुर क्षेत्र के मजदूरों ने अपने कार्यस्थल पर काला फीता बांधकर केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के प्रति आक्रोश व्यक्त किया।

इस विरोध प्रदर्शन में प्रमुख श्रम संगठनों में एटक, एचएमएस, सीटू और इंटक के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सक्रिय होकर हिस्सा लिया,बिश्रामपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों में सुबह की पाली से ही श्रमिक हाथों और बाजुओं पर काला फीता बांधकर कार्य करते नजर आए, जो सरकार के प्रति उनके शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ विरोध का प्रतीक था। इस अवसर पर आयोजित गेट मीटिंग्स और चर्चाओं में श्रमिक नेताओं ने कामगारों को चारों लेबर कोड बिलों के संभावित दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से बताया।श्रमिक नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि ये कोड पूर्ण रूप से लागू होते हैं, तो श्रमिकों की नौकरी की सुरक्षा समाप्त हो जाएगी, काम के घंटे भी बढ़ाए जा सकते हैं,यूनियनों के संघर्ष करने और हड़ताल पर जाने के संवैधानिक अधिकार भी सीमित रह जाएंगे।

एटक यूनियन के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की वर्तमान सरकार पूरी तरह से पूंजीपतियों के दबाव में है,हमने पूर्व में भी कई विरोध प्रदर्शन और हड़तालें की हैं,लेकिन सरकार मजदूरों की आवाज अनसुनी कर रही है,ये चार लेबर कोड मजदूरों को गुलामी की ओर धकेलने वाले हैं, जिन्हें हम किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। यूनियन प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि 1 अप्रैल का यह काला दिवस केवल एक सांकेतिक विरोध है,यदि सरकार ने इन मजदूर विरोधी कानूनों को वापस नहीं लिया। तो आने वाले दिनों में सम्पूर्ण कोयला उद्योग में आंदोलन की गति को और तेज किया जाएगा।

## पिछले साल की तुलना में एसईसीएल 2.16 लाख टन कोल उत्पादन की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र ने वर्ष 2025-26 में कोयला उत्पादन के मामले में गत वर्ष की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है,हालांकि क्षेत्र मुख्यालय द्वारा निर्धारित उत्पादन लक्ष्य से लगभग 15 लाख टन पीछे रह गया।

गौरतलब है कि क्षेत्र को इस वित्तीय वर्ष में 41.60 लाख टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य मिला था, जिसके एवज में 25.63 लाख टन कोल उत्पादन किया गया एवं 24 लाख टन से अधिक कोयले का डिस्पैच किया गया।पिछले वर्ष क्षेत्र ने 23.47 लाख टन कोल उत्पादन किया था, जिसकी तुलना में इस वर्ष 2.16 लाख टन की उत्पादन वृद्धि दर्ज की गई है,कुल मिलाकर लगभग 10 प्रतिशत की पॉजिटिव ग्रोथ दर्ज की गई है,हालांकि इन सब के बाबजूद क्षेत्र अभी भी करीब पौने दो सौ करोड़ के घाटे में संचालित है। इस सम्बन्ध में क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में कोल उत्पादन में वृद्धि हुई है। इसमें पूरी टीम बॉन्डिंग, लगन व मेहनत को श्रेय जाता है। उन्होंने कहा कि नए वित्तीय वर्ष 2026-27 में क्षेत्र को 40.50 लाख टन का लक्ष्य मिला है जिसे हर हाल में हासिल करने का प्रयास किया जाएगा। यह लक्ष्य कंपनी के सीएमडी हरीश दुहन के नेतृत्व में पूरा किया जाएगा।

### ऐसी रही खदानवार कोल उत्पादन की स्थिति

अमेरा खदान को 12 लाख टन का लक्ष्य मिला था, लेकिन जनवरी से उत्पादन शुरू होने के कारण केवल 4 लाख टन उत्पादन हो सका,पिछले वर्ष यहां 5.41 लाख टन कोल उत्पादन हुआ था,आमगांव खदान को 12 लाख टन लक्ष्य के बाद रिवाइज्ड 10 लाख टन उत्पादन का पुनः संशोधित लक्ष्य मिला,जिसे खदान ने दो दिन पूर्व ही पूरा कर लिया,गत वर्ष यहां 6.97 लाख टन उत्पादन हुआ था,देश के पहले एमडीओ मोड में संचालित होने वाले केतकी भूमिगत खदान परियोजना ने 7.76 लाख टन लक्ष्य के एवज में 3.97 लाख टन उत्पादन किया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 1.25 लाख टन था। गायत्री खदान ने 8.80 लाख टन लक्ष्य के मुकाबले 6.86 लाख टन उत्पादन किया,पिछले वर्ष यही खदान लक्ष्य हासिल करने वाली एकमात्र खदान थी। रेहर भूमिगत खदान को 1.20 लाख टन लक्ष्य मिला था, जिसके एवज में मात्र 60,750 टन उत्पादन ही हो सका।बता दें कि वर्तमान में केवल रेहर खदान का संचालन प्रबंधन खुद कर रही है,कुमदा 7/8 खदान से केवल 1,470 टन और बलरामपुर खदान से 16,860 टन उत्पादन हुआ,जबकि ये खदानें लगभग बंद की स्थिति में हैं।

**कोल खदान संचालन की वर्तमान स्थिति**

क्षेत्र में कुल 7 खदानें हैं, जिनमें 2 ओपनकास्ट और 5 भूमिगत खदानें शामिल हैं,इनमें से कुमदा 7/8 और बलरामपुर खदान पूरी तरह बंद हैं, जहां वर्तमान में केवल पंपिंग का कार्य चल रहा है,कुल उत्पादन में ओपनकास्ट खदानों का योगदान प्रमुख रहा,जहां से लगभग 24 लाख टन कोयला निकाला गया,जबकि भूमिगत खदानों से 11.62 लाख टन उत्पादन हुआ, इसमें निजी ऑपरेटरों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रही,क्योंकि 5 चालू खदानों में से 4 का संचालन निजी कम्पनी के हाथों में है। बता दें कि अमेरा और आमगांव खदानों में अधिग्रहित भूमि का समय पर अधीपत्य न मिलना,ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के विरोध,भू-वैज्ञानिक समस्याएं और मशीन ब्रेकडाउन जैसी चुनौतियों के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ,विशेषकर इन समस्याओं के समाधान में 6 माह से भी अधिक समय लग गया।

## अत्यधिक रक्तस्राव से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** रक्तस्राव से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर अंतर्गत ग्राम करमपुर निवासी अनिता पति तिकराम (18 वर्ष) 18 मार्च को अत्यधिक रक्तस्राव होने पर परिजन उसे सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## निर्माण कार्य रूका, मुआवजे को लेकर प्रशासन सक्रिय

खबर का असर



**भैयाथान।** गंगोटी-शिवपुर नवापारा निर्माणाधीन सड़क को लेकर प्रकाशित खबर के बाद आखिरकार प्रशासन न सिर्फ हरकत में आई बल्कि निर्माण स्थल पर इंजीनियर विनोद सिंह को भेजकर रिटर्निंग वॉल का कार्य तत्काल बंद करा दिया गया।

मुआवजा नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचे इंजीनियर को घेर लिया और अपनी समस्या रखी। इसकी सूचना जनपद सदस्य राजू गुप्ता को दी गई। मौके पर पहुंचे श्री गुप्ता ने पटवारी भूपेंद्र कुशवाहा को बुलाकर ग्राम पंचायत भवन में बैठक आयोजित कराई। बैठक में प्रभावित 57 किसानों ने सहमति देते हुए हस्ताक्षर किए और प्रशासन से जल्द मुआवजा भुगतान की मांग की। बताया जा रहा है कि इस सड़क का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से कराया जा रहा है। निर्माण के लिए 57 किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसका मुआवजा अब तक नहीं दिया गया है। जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग द्वारा मुआवजा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। गौरतलब है कि सभी कागजी प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद भी ठेकेदार द्वारा मुआवजा दिलाने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई और धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी रखा गया। सड़क निर्माण का कार्यादेश 30 जून 2025 को ठेकेदार जवाहर लाल गुप्ता को पांच माह की समय-सीमा के साथ दिया गया था, लेकिन छह माह बीत जाने के बावजूद न तो निर्माण कार्य पूर्ण हो सका और न ही मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू हो पाई है,रिटर्निंग वॉल की जांच करने पहुंचे इंजीनियर ने कार्य को ग्रामीणों के समक्ष अमानक बताते हुए उसे तोड़कर पुनः निर्माण कराने के निर्देश दिए और वर्तमान में कार्य पर रोक लगा दी गई है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर तुलसी साहित्य समिति



**अम्बिकापुर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति ने मालवीय भवन में वरिष्ठ साहित्यकार एसपी जायसवाल की अध्यक्षता एवं पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय, गीता दुबे एवं पं.चंद्रभूषण मिश्र के आतिथ्य में कवि गोष्ठी की। गोष्ठी रामचरित मानस एवं बीडी लाल और एसपी जायसवाल द्वारा रचित रामायणों के आंशिक पाठ से शुरू हुई। एसपी जायसवाल ने हनुमानजी को भक्ति, शक्ति, ज्ञान और विजय का देवता बताया तथा उनकी बहादुरी एवं सेवा कार्यों को बताया।

सम्मेलन में संस्था के अध्यक्ष मुकुन्दलाल साहू ने नहीं हुआ त्रैलोक में, तुम समान हनुमान, मंशा शुक्ला ने दया दीन पर कीजिए, महावीर हनुमान, गूंज उठा आकाश सारा, जय श्रीराम का नाम, प्रकाश कश्यप ने रामचरण अनुराग का मिला जिसे वरदान, श्यामबिहारी पाण्डेय ने माता अंजनी के लाल का कमाल देखिए, संध्या दबे ने जब-जब विपदा आन पड़ी बनके ढाल खड़े रहे। एसपी जायसवाल ने रामनाम के अंगारे से रावण जलकर खाक हुआ, अजय सागर ने जिस दिन तुझको दिल बिसराए उस दिन ये सांसे रूक जाएं।

